देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 335 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...राय
एक बाग और एक जंगल




# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 20 फरवरी 2020




मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 11.0°

41323.00

2 चीन कस रहा माओ जैसा शिकंजा | 7 टॉप पर है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

# पहली मुलाकात से नहीं बनी बात

## नहीं माने प्रदर्शनकारी, वार्ता से खुलेगा शाहीन बाग का रास्ता?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ दिल्ली के शाहीन बाग में मुख्य सड़क घेरकर पिछले 2 महीने से ज्यादा वक्त से प्रदर्शन हो रहा है। रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट तक ने कहा कि लोगों को विरोध-प्रदर्शन का तो हक है लेकिन इस तरह लंबे वक्त तक रास्ता बंद करके नहीं। रास्ता खुलवाने के लिए रास्ता निकले, इसके लिए कोर्ट ने वार्ताकारों की टीम बनाई जो बुधवार को प्रदर्शनकारियों को समझाने के लिए गई लेकिन गतिरोध नहीं टूटा।

**सबसे पहले दादी से बातचीत:** दोनों वार्ताकारों ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि वह यहां सबकी बात सुनने और समझने आए हैं। संजय हेगड़े ने कहा कि सबसे पहले वह बुजुर्गों की बात सुनेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले श्दादीश की और उम्रदराज लोगों की बातें तफसील से सुनेंगे। वार्ताकारों ने कहा कि उन्हें कोई जल्दी नहीं है, वह विस्तार से सबकी बात सुनेंगे और समझेंगे। उन्होंने कहा कि वे खुद कम बोलेंगे लेकिन लोगों से ज्यादा सुनेंगे।



सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त 2 वार्ताकार साधना रामचंद्रन और संजय हेगड़े बुधवार को शाहीन बाग पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। हालांकि, प्रदर्शनकारी अड़े हुए हैं कि जबतक सीएए वापस नहीं लिया जाता वे आधा इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। दोनों वार्ताकार वकीलों ने प्रदर्शनकारियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी पढ़कर सुनाया।

**अड़े हुए हैं प्रदर्शनकारी:** वार्ताकारों ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शन करने के उनके अधिकार को बरकरार रखा है, लेकिन इससे अन्य नागरिकों के अधिकारों पर प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। साधना रामचंद्नन ने प्रदर्शनस्थल पर बड़ी संख्या में जमा लोगों से कहा, सुको ने प्रदर्शन करने के आपके अधिकार को बरकरार रखा है। लेकिन अन्य नागरिकों के भी अधिकार हैं, जिन्हें बरकरार रखा जाना चाहिए।

### 2 घंटे तक चली बात, आज फिर आएंगे वार्ताकार

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त वार्ताकार साधना रामचंद्रन और संजय हेगड़े ने बुधवार को शाहीनबाग में प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके सामने अपनी परेशानियों को बयां किया। प्रदर्शनकारियों की तरफ से कहा गया कि उन्होंने तो सड़क को सिर्फ 150 मीटर बंद किया है, असली जाम को दिल्ली पुलिस ने किया है। पुलिस ने सड़क को 3 तरफ से बंद किया है। इस दौरान वार्ताकारों पर प्रदर्शनकारियों की तरफ से सीएए, एनआरसी और एनपीआर को लेकर सवालों की बौछार हुई। 2 घंटे तक चली बातचीत में गतिरोध नहीं टूटा। वार्ताकार अब गुरुवार को फिर से प्रदर्शनकारियों से बात करेंगे।

### जब दोनों वार्ताकार लौट गए तब शाहीनबाग पहुंचे तीसरे वार्ताकार हबीबुल्लाह

शाहीन बाग मे प्रदर्शनकारियों के बीच करीब 2 घंटे रहने के बाद वार्ताकार लौटते वक्त पत्रकारों से मुखातिब हुए। दोनों वार्ताकारों ने कहा कि सिर्फ शुरुआत हुई है और उन्होंने आज सिर्फ समझने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि वे आज फिर आएंगे, हालांकि उन्होंने समय नहीं बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह मंत्री शाह से मिले दिल्ली के सीएम केजरीवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात है, जो करीब 20 मिनट तक चली। बाद में केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि मुलाकात में दिल्ली के तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई।
अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, गृह मंत्री अमित शाह जी से मिला। बहुत ही फलदायी मुलाकात रही।

### उद्धव ठाकरे का शरद पवार को साफ संदेश- देशद्रोह पर नहीं झुकेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी सरकार के दो बड़े घटक दल शिवसेना-एनसीपी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। यह तकरार एल्गार परिषद और भीमा-कोरेगांव की हिंसा की जांच को लेकर है। एक ओर शिवसेना प्रमुख और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एल्गार परिषद की जांच एनआईए को सौंपने की मंजूरी देकर देशद्रोह और सामान्य हिंसा के मामले के बीच एक लकीर खींची है, तो वहीं दूसरी तरफ शरद पवार इस बात पर अडिग हैं कि इसकी जांच एसआईटी से भी समानांतर रूप से करवाई जाए।

### सीएए हिंसा में पुलिस की गोली से मौत नहीं: योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में दावा किया कि सीएए के खिलाफ गत 19 दिसंबर को राज्य के विभिन्न जिलों में हिंसा के दौरान एक भी व्यक्ति पुलिस की गोली लगने से नहीं मरा। योगी ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। इसके साथ ही सीएम ने अप्रत्यक्ष रूप से अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग अपने बेटे-बेटियों को देशविरोधी नारे लगाने वालों के बीच भेजते हैं।




### पीएम ने चखा बिहार स्पेशल लिट्टी-चोखा का स्वाद

नई दिल्ली। किसी कारीगर की मेहनत देखने अगर खुद पीएम पहुंच जाएं तो किसी कारीगार के लिए इससे अच्छा सरप्राइज और क्या हो सकता है। हुनर हाट में कारीगर अपने बीच पीएम मोदी को देखकर काफी उत्साहित नजर आया। पीएम मोदी ने इस दौरान लिट्टी चोखा का भी आनंद लिया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, आज लंच में लिट्टी चोखा और गर्म चाय का आनंद लिया। दस्तकारों, शिल्पकारों व खानसामों को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यहां 250 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान कारीगरों के अलावा स्टॉल पर मौजूद आम लोगों से भी बात की।

राम मंदिर ट्रस्ट की पहली बैठक में कई अहम फैसले

## महंत नृत्य गोपाल अध्यक्ष और चंपत राय महासचिव चुने गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को दिल्ली में पहली बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसले हुए। बैठक में महंत नृत्य गोपाल दास को ट्रस्ट का अध्यक्ष और विश्व हिंदू परिषद के चंपत राय को महासचिव चुना गया। मंदिर निर्माण कब से शुरू होगा इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। अब अगली बैठक अयोध्या में होगी जिसमें मंदिर निर्माण की तारीख को तय किया जा सकता है।

**नृपेंद्र मिश्र को भवन निर्माण समिति का अध्यक्ष चुना गया:** पहली बैठक में महंत नृत्य गोपाल दास को ट्रस्ट का अध्यक्ष, चंपत राय को महासचिव और स्वामी गोविंद देव गिरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा भवन निर्माण समिति भी बनाई गई। इसके अध्यक्ष वरिष्ठ नौकरशाह और प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा बनाए गए हैं। बैठक में फैसला हुआ कि अयोध्या में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में ट्रस्ट का खाता खोला जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष चुने गए महंत नृत्य गोपाल ने बैठक के बाद कहा कि लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा और जल्द से जल्द मंदिर का निर्माण होगा।

### इतिहास रचा

■ मंदिर निर्माण की तिथि और मुहूर्त चुने जाने पर होगा विचार

**हिंदुस्तान का यहां इतिहास लिखा गया: चंपत राय:** बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव नियुक्त हुए विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय भावुक नजर आए। उन्होंने ट्रस्ट की पहली बैठक को सैकड़ों वर्षों के ऐतिहासिक भूल का सुधार करार दिया। राय ने बताया, श्14 ट्रस्टी आज यहां उपस्थित थे। हिंदुस्तान का आज यहां इतिहास लिखा गया। 490 साल के ऐतिहासिक भूल का आज परिमार्जन हुआ।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


## प्रदूषण की रोकथाम के नए तरीके सुझाने आएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रदूषण पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पटाखे और पराली जलाने से कुछ दिन प्रदूषण फैलते हैं, लेकिन आवोहवा खराब करने में गाड़ियों का सबसे ज्यादा योगदान है। प्रदूषण की रोकथाम के लिए देश की सबसे बड़ी अदालत ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से सलाह मांगी है।

### सुप्रीम कोर्ट का नितिन गडकरी से अनुरोध

चीफ जस्टिस शरद अरविंद बोबडे ने कहा, श्मंत्री गडकरी के पास कई नए आइडिया हैं। हम उनसे अनुरोध करते हैं कि वे कोर्ट आएं और हमें प्रदूषण को रोकने के उपाय सुझाएं। वे इन सुझावों को लागू करवाने की भी स्थिति में हैं। चीफ जस्टिस बोबडे ने कहा कि हम केंद्रीय मंत्री को यहां आने के लिए कोई आदेश नहीं दे रहे हैं, हमारा उनसे अनुरोध है कि वे यहां आएं और नए आइडिया शेयर करें।

प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने अतिरिक्त सालीसिटर जनरल ए एन एस नादकर्णी से पूछा कि क्या मंत्री अदालत की सहायता के लिए बातचीत करने आ सकते हैं।